हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 नवोदय विद्यालय बहेरा में चला स्वच्छता पखवाड़ा ...



12 मीडिया बने भारतबोध का माध्यम- डॉ. संजय



## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

पर्व : शारदीय नवरात्रि शुरू, बाजे गाजे के साथ पंडालों तक पहुंची

# चौक चौराहों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजीं, शुभ मुहूर्त में देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के शहरीय व ग्रामीण इलाकों के चौक चौराहों पर बाजे गाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजीं। इसके साथ ही विभिन्न देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश की भी स्थापना शुभ मुहूर्त में किया गया।

नगर के प्रमुख मंदिरों में तेल एवं घृत मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना विभिन्न शुभ मुहूर्त में स्थापित किया गया है। इस संबंध में माता महामाया मंदिर के बारे में पिंटू रोहरा से मिली जानकारी के अनुसार इस साल यहां कुल 45 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना अभिजीत मुहूर्त में किया गया है। जिसमें चार घृत मनोकामना ज्योति कलश शामिल है अभिजीत मुहूर्त में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई। मंदिर में आचार्य रामजी पाठक द्वारा दुर्गा सप्त दुर्गा सप्तशती पाठ पूरे पर्व किया जाएगा। इसी प्रकार मनोकामना ज्योति कलश मां शीतला मंदिर में इस साल कुल 315 तेल जो तेल मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। 22 घृत ज्योति कलश तथा एक संस्था द्वारा कलश की स्थापना किया गया है यहां कुल 315 ज्योति कलश की स्थापना अभिजीत मुहूर्त में आचार्य रोशन मिश्रा के द्वारा किया गया है यहां पर प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ का पठन किया जाएगा इसी तरह माता भद्रकाली मंदिर में भी मनोकामना तेल ज्योति कलश स्थापित किया गया है यहा के बारे मे संस्था के कोषाध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में कुल 1540 तेल मनोकामना ज्योति कलश की स्थापित किया गया है जिसमें एक ▶▶| शेष पेज 13 पर



### श्रद्धा भक्ति और गाजे-बाजे के साथ देवी मां की मूर्ति स्थापित

शारदीय नवरात्रि पर्व में जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरी निकाय क्षेत्रों के चौक चौराहे पर सार्वजनिक मंच एवं पंडालों में देवी मां की विभिन्न रूपों की मूर्ति की स्थापना आचार्यों के निर्देश में विभिन्न शुभ मुहूर्त में किया गया। इसके पूर्व माता देवी की मूर्ति को मूर्ति कारों के घर से लाने के लिए पहुंचे जहां पर माता की यथासंभव पूजा अर्चना किया गया तदुपरांत श्रद्धालुओं के द्वारा विभिन्न साधन में बाजे गाजे के साथ माता को 1 दिन पहले मूर्ति स्थापना के स्थल पर ले गए थे वहीं कुछ कई श्रद्धालुओं ने पर्व के दिन ही माता की मूर्ति को ले गए और जबकि कुछ श्रद्धालुओं ने पर्व के दिन माता की मूर्ति को मूर्तिकार के यहां से बाजे गाजे के साथ ले गए और इसकी स्थापना किया गया। इसके इसके साथ ही 9 दिन तक चलने वाले नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो गई है। इसके अलावा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों के कई श्रद्धालुओं के घरों में मनोकामना ज्योति की स्थापना श्रद्धा भक्ति के साथ विभिन्न श्रद्धालुओं द्वारा की गई है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के घरों में मनोकामना ज्योति की स्थापना भी की गई है।



बेमेतरा। भूमि फोड़ आदिशक्ति मां महामाया मंदिर ग्राम हसदा में 151 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए। दिनभर माता के दर्शन के लिए आज श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## मां महामाया मंदिर में शारदीय नवरात्रि की विधि विधान से शुरूआत, होंगे अनुष्ठान



**नवागढ़।** धर्मनगरी नवागढ़ में शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत सोमवार को पूरे विधि-विधान के साथ हुई। ऐतिहासिक सिद्धपीठ माँ महामाया मंदिर में परंपरानुसार गर्भगृह की प्रमुख ज्योत नगर के मालगुजार विकास धर दीवान ने आचार्य श्रीकांत शर्मा के मंत्रोच्चार के साथ प्रज्ज्वलित की। इसके साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठानों और पर्वों की श्रृंखला का शुभारंभ हो गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वातावरण भक्ति गीत, मंत्रोच्चार और जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मां महामाया मंदिर की स्थापना गोंड वंश के राजा नरवरसाय ने करवाई थी, जिन्होंने अपने किले के भीतर देवी की मूर्ति स्थापित की थी। पुजारी रामनाथ योगी के अनुसार, यहां विराजमान माँ महामाया की मूर्ति सिद्ध और जागृत मानी जाती है। भक्तों का मानना है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना यहां पूरी होती है। बुजुर्ग रामनाथ ध्रुव ने बताया कि इस मंदिर का अब तक 25 बार जीर्णोद्धार हो चुका है। सबसे यादगार घटना 1964 की है, जब मंदिर की दीवार गिरने पर मूर्ति को पीपल के ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### वर्चुअली मुख्यमंत्री साय करेंगे राज्य के 51 महतारी सदनों का लोकार्पण

**बेमेतरा।** लेंजवारा विकासखंड बेरला में 23 सितम्बर को राज्य स्तरीय महतारी सदन का भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से राज्य के 51 महतारी सदनों का लोकार्पण करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश की लगभग दो लाख स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ वर्चुअल जुड़कर कार्यक्रम की साक्षी बनेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल उपस्थित रहेंगे, जबकि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक इश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री प्रहलाद रजक, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, जनपद पंचायत बेरला की अध्यक्ष माधुरी रवि परगनिया एवं ग्राम पंचायत लेंजवारा की सरपंच डिगेश्वरी टपरीसिंह ▶▶| शेष पेज 13 पर

## राजनीतिक दलों की उपस्थिति में किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस का सीलबंद ताला खोला गया। निरीक्षण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की गई, जिससे राजनीतिक दलों का भरोसा कायम रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, गार्ड की तैनाती और अभिलेखों के संधारण की भी जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा सभी रिकॉर्ड नियमित रूप से अपडेट किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि ईवीएम मशीनें चुनाव प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

- प्रतिनिधियों की मौजूदगी में खोला गया सीलबंद ताला

इनमें दर्ज मतदान संबंधी जानकारी अत्यंत गोपनीय होती है, इसलिए इन्हें सुरक्षित एवं सही तरीके से संरक्षित करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण इसीलिए किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ▶▶| शेष पेज 13 पर

### विद्युत विभाग के ठेका कर्मियों को नहीं मिला वेतन

**बेरला।** भिंभौरी क्षेत्र में विद्युत विभाग के ठेका कर्मचारियों को उचित वेतन भी अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। जिसके चलते ठेका कर्मचारियों ने ठेकादार से उचित वेतन दिलवाने हेतु कनिष्ठ अभियंता भिंभौरी को सोमवार को पत्र लिखा है। ठेका कर्मचारियों ने कनिष्ठ अभियंता को लिखे पत्र में बताया है कि उन्हे जून महीने में पांच हजार और जुलाई में महज आठ हजार ही प्राप्त हुए है। ना ही पीएफएसआई प्राप्त हुआ है ना ही कलेक्टर दर के अनुसार वेतन प्राप्त हुआ है। ठेका कर्मचारियों द्वारा इससे पूर्व भी ठेकादार का ठेका निरस्त करने बाबत ठेका कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जा चूका है। कलेक्टर दर पर वेतन नहीं मिलने पर ठेका कर्मचारियों ने काम बंद करने की चेतावनी दी है।






समय-सीमा पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगी नोटिस

## जिला स्तरीय छग राज्य ग्रामीण व पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के अंतर्गत चल रहे एवं प्रस्तावित विकास एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जब अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट सामने आई तो कई कार्यों की धीमी रफ्तार और कुछ योजनाओं की शुरुआत तक नहीं होने पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी-कर्मचारी समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा, और जवाब संतोषप्रद ना मिलने पर बर्खास्त करने कि चेतावनी डी गई हैं ।

गुणवत्ता पर विशेष जोरः कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि मात्र समयसीमा में कार्य पूरा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्ता भी सर्वोपरि है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कहीं भी कोई बाधा या समस्या आ रही है तो उसका त्वरित समाधान कर शासन के उद्देश्यों को सफल बनाया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती प्रेमलता, एडीएम श्री अनिल वाजपेयी सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 10 दिनों में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपूर्ण कार्यों को अगले 10 दिनों के भीतर हर हाल में पूरा कर लिया जाए और इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि नियमित रूप से कार्यस्थल का दौरा कर मौके पर कार्य की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। बैठक में सामुदायिक भवन निर्माण, नाली निर्माण कार्यों एवं प्रगतीरथ योजना जैसे प्रमुख विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि ये सभी कार्य ग्रामीण एवं पिछड़े वर्ग के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास से सीधे जुड़े हुए हैं। ऐसे में इन्हें समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पुलगांव मुक्तिधाम परिसर में शेड व प्रतीक्षालय लोकार्पित, मिलेगी सुविधा

## कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव व महापौर अलका बाघमार ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव मुक्तिधाम परिसर में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत लगभग 31.49 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित शेड एवं प्रतीक्षालय का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार और सभापति श्याम शर्मा ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुक्तिधाम में नव निर्मित शेड और प्रतीक्षालय नागरिकों के लिए बेहतर सुविधा और आरामदायक व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे। बारिश, धूप या अन्य मौसम में श्रद्धांजलि सभा के दौरान लोगों को अब परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। साथ ही परिसर को रंगरोगन और सौंदर्यीकरण से आकर्षक और साफ-सुथरा रूप दिया गया है।

कार्यक्रम में आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, लीलाधर पाल, नीलेश अग्रवाल, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, संजय अग्रवाल, साजन जोसफ, पार्षद अश्वनी निषाद, सविता साहू, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता पंकज साहू सहित क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे।

### वार्ड के हर क्षेत्र में किया जा रहा विकास लोगों को मिले सहज मूलभूत सुविधा : गजेंद्र

लोकार्पण अवसर पर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि निगम क्षेत्र के हर वार्ड में विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम प्रशासन लगातार नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है। आने वाले समय में शहर के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इसी तरह के विकास कार्य किए जाएंगे। सभापति श्याम शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।



## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा दिवस मना

**दुर्ग।** रजत जयंती के अवसर पर कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-07 भिलाई सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र, छात्रा सम्मिलित हुए। कार्यकम में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अधिकारी, एपी गौतम, डॉ. लखन चौधरी, उप प्राचार्य, डॉ. ए. नागमणी, एनसीसी प्रभारी, डॉ. सलीम अकील, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर, अजय कल्याणी, संचालक, कल्याणी नशामुक्ति केन्द्र दुर्ग, पी.एल. साव, युगल किशोर साहू, डॉ.प्रखर, डॉ. योगेन्द्र कुमार, गायत्री परिवार दुर्ग तथा समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण एवं एनसीसी के छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

### मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का दिया संदेश



**भिलाई।** रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत शनिवार को जोन क्रमांक 3 में युग निर्माण स्कूल के पास स्थित जीवीपी पॉइंट का विलोपन किया गया । इस अवसर पर पार्षद इंजीनियर सलमान ,भोला साहू पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र दिवाकर, पार्षद प्रतिनिधि एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, पी.आई.यू., अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी एवं सुश्री युक्ति देवांगन , ज़ोन 3 के जोनल विनोद एवं अन्य सुपरवाइजर एवं सफाई मित्र शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत जोन क्रमांक 04 क्षेत्रान्तर्गत स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृखंला बनाया। मानव श्रृंखला का निर्माण पश्चात स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया । स्कूल के शिक्षक एवं बच्चों द्वारा वृक्षारोपण कर स्कूल परिसर में साफ सफाई किया गया, साथ ही स्वच्छता जागरूकता के लिए शपथ दिलाया गया है । इस अवसर पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## आयोजन : महात्मा गांधी कलामंदिर में बहुमत की वैचारिक संगोष्ठी

# मीडिया बने भारतबोध का माध्यम- डॉ. संजय

### भारत भावबोध, भारतीयता और हिंदी पत्रकारिता पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वसुंधरा पत्रिका द्वारा हिंदी पत्रकारिता की द्विशती पर आज रविवार को महात्मा गांधी कलामंदिर में भारत भावबोध, भारतीयता और हिंदी पत्रकारिता विषय पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव थे।

वरिष्ठ लेखक अनंत विजय और भारतीय जन संचार संस्थान दिल्ली के पूर्व महानिदेशक और माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य डां. संजय द्विवेदी मुख्य वक्ता और छग साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा अतिथि वक्ता थे। मंच पर दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर और दुर्ग विश्वविद्यालय के कुलपति संजय तिवारी भी मंच पर उपस्थित थे।

विधि विधायी मंत्री श्री यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि हिंदू सनातन संस्कृति के साथ देश में अमृतकाल चल रहा है। इस दौरान विश्व में भारत की स्थिति बहुत अनुकूल व सुदृढ़ हुई है। विश्व के 95 प्रतिशत सीईओ भारत या भारतीय मूल के हैं। वर्ष 2014 के पहले कोई कथावाचक गौ और हिंदू का बात नहीं करता था। लेकिन अब हर कथावाचक हिंदू संस्कृति की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय पत्रकारिता का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। पत्रकार विश्वसनीयता व सकारात्मक समाचारों से समाज को और बेहतर दिशा दें। शशांक शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता के पूर्व पत्रकारिता के मिशन थी, लेकिन 1947 के बाद हिंदी पत्रकारिता से भारतबोध व भारतीयता का लोप हुआ है। हिंदी पत्रकारिता की दशा व दिशा तभी सुधरेगी जब समाज की दशा व दिशा नहीं सुधरेगी। उन्होंने 2 सौ साल की पत्रकारिता के मूर्धन्य पत्रकारों के चित्रों में महात्मा गांधी की तस्वीर नहीं होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि गांधी के अकेले आजादी दिलाने व राष्ट्रपिता होने जैसी स्थापना को खारिज किया जा सकता है लेकिन उनके पत्रकार होने को खारिज नहीं किया जा सकता।

डां. संजय द्विवेदी ने कहा कि समाज अधोपतन की ओर जाए और पत्रकारिता शीर्ष पर जाए, यह संभव नही है। आज अखबार पढ़ने ही नहीं वरन पेज नहीं पलटने वाले भी हिंदी पत्रकारिता के पतन की बात करते हैं। आज पाठक रील देख रहे हैं और जो बच गए वे रील बना रहे हैं। हर किसी को अपना कर्म श्रेष्ठ और दूसरे का तुच्छ लगता है। हमें सोचना होगा हम कैसा भारत बना रहे हैं। भारतबोध केवल भूगोल नही है।

हम ऋषि परंपरा के लोग हैं जड़ नहीं हैं। किसान से लेकर सैनिक तक सभी देश के लिए बेहतर कर रहे हैं। आज का अखबार एक पूर्ण समाचार पत्र है। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र में समान संवेदना विकसित करना होगा। हमारा संवाद और संचार लोक मंगल के लिए हो और मीडिया भारतबोध का माध्यम बने। तकनीक को दोष न दें उसका सकारात्मक इस्तेमाल सीखें। अनंत विजय ने कहा कि यदि किस देश को नष्ट करना है तो वहां की भाषा को खत्म कर दो। आज सुनियोजित तरीके से हमारी भाषा को खत्म किया जा रहा है। हमें अंग्रेजी का मोह छोड़ हिंदी पत्रकारिता में भारतबोध जगाने अपनी भाषा को बचाना होगा। आज पत्रकारिता में सिंहावलोकन नहीं हो रहा है अंग्रेजी पत्रकारिता ने हमारे लोक को फोक बना दिया है। हमें अपने अतीत पर गर्व कर भारत बोध नहीं हिंदूबोध जगाना होगा।



### एकाग्र व बहुमत के अंक का विमोचन

मुख्य अतिथि ने एकाग्र व बहुमत पत्रिका के विशेषांक का विमोचन किया।अतिथियों का स्वागत दिनेश वाजपेयी, बीएसपी ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर,वरिष्ठ पत्रकार ईवी मुरली ने किया। अरविंद पाडेय इंद्रजीत सिंह छोटू, दिनेश वाजपेयी आदि ने किया। राज्य गीत लोकगायिका रजनी रजक व राष्ट्र गीत सोनाली चक्रवर्ती ने गाया। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार विश्वेश ठाकरे और श्वेता उपाध्याय व आभार प्रदर्शन सुमन कन्नौजिया ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रमशीला साहू, प्रो.डीएन शर्मा ओए के महासचिव अंकुर मिश्रा, पूर्व जीएस परविंदर सिंह,डीजीएम यशवंत साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष केएन राय, साहित्यकार लोकबाबू व विजय वर्तमान आदि गणमान्य जन उपस्थित थे।

# बिहार से लौटकर विधायक देवेंद्र यादव ने सुनी लोगों की समस्याएं



**भिलाई।** भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र यादव अपने सेक्टर-5 स्थित विधायक निवास में लोगों से भेंट-मुलाकात किए। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक, महिला-पुरुष और युवा विधायक से मिलने पहुंचे। सुबह से ही विधायक निवास पर लोगों का आना-जाना लगा रहा। लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। इसमें स्थानीय स्तर की जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। नागरिकों ने पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से संबंधित मुद्दे सामने रखे। कई लोगों ने व्यक्तिगत परेशानियाँ भी बताईं और समाधान की उम्मीद जताई। विधायक यादव ने सभी लोगों की बात ध्यान से सुनी और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है और किसी भी समस्या को हल करने में पूरी कोशिश की जाएगी। इस दौरान विधायक ने मौजूद लोगों से आत्मीयता से बातचीत की। क्षेत्र के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ समाज निर्माण में योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे जुड़कर ही जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों को सही मायनों में निभा सकता है। लोगों ने विधायक की सहजता और संवेदनशील रवैये की सराहना की। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चिट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को चार ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



कुम्हारी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि लवप्रीत सिंह उर्फ करण निवासी शंकर नगर कुम्हारी अपने पास चिट्टा अवैध रूप से रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने तुरंत अहिरवारा रोड में रेड मारी और घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से पॉलिथिन मे रखा चिट्टा जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 21 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# स्कूलों को मॉडल बनाने डीपीआई, डिप्टी डायरेक्टर चावरे ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोक शिक्षण संचालनालय के डिप्टी डॉयरेक्टर आशुतोष चावरे ने दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग एवं विकासखंड पाटन के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि विद्यालयों की ऐसे मॉनिटरिंग की आवश्यकता है जिसमें विद्यालयों के अकादमिक स्तर में आमूल चूल परिवर्तन हो। साथ ही विद्यालय के अन्य पहलुओं में भी सुधार हो। जिससे जिले के अधिक से अधिक विद्यालय मॉडल स्वरूप विकसित हो सके।



### डीईओ, बीईओ, संकुल समंवयकों की बैठक लेकर बनाई रणनीति

डिप्टी डॉयरेक्टर चावरे ने रविवार को को जिले के समस्त सहायक संचालक को विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वय को की बैठक लेकर विस्तार से किन-किन बिंदुओं पर मॉनिटरिंग किया जाना है। कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के अकादमी स्तर को किस प्रकार बेहतर किया जा सकता सुझावात्मक उपाय बताए गए ।उन्होंने जिले के प्रत्येक विधानसभा के दो विद्यालयों को मॉडल स्कूल में विकसित करने, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों की ई- क्लास रूम को अपडेट करने के निर्देश भी दिए।

### हिन्दी व अंग्रेजी धाराप्रवाह बोलें बच्चे

डिप्टी डॉयरेक्टर चावने ने कहा कि प्रत्येक विकासखंड के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शत प्रतिशत बच्चे कक्षा की दक्षता अनुरूप हिंदी एवं अंग्रेजी धारा प्रवाह पढ़ सके। कक्षा अनुरूप गणित की संक्रियाओं को कर सके। इसके लिए विकास करों को लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विकास करो में आपस में प्रतिस्पर्धा रखी गई है। विकासखंड द्वारा उनके द्वारा निर्धारित समय अवधि में अधिक से अधिक लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

# त्याग और मानवता का संदेश देने गुरु तेग बहादुर का नगर कीर्तन पहुंचा भिलाई, किया स्वागत

**भिलाई।** शहीदां दे सरताज, धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक नगर कीर्तन आज छत्तीसगढ़ भिलाई पहुंचा। यह नगर कीर्तन असम धुबरी के पावन गुरुद्वारा साहिब से चलकर सुबह सवा 10 बजे भिलाई के कुम्हारी टोल प्लाजा पहुँचा, जहाँ छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई एवं यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने संगत सहित गुरु घर की हाजिरी भरते हुए हर्षोल्लास से स्वागत किया।

नगर कीर्तन के बाद चरोदा, खुर्सीपार, पावर हाउस, सुपेला घड़ी चौक एवं नेहरू नगर चौक से होते हुए दुर्ग पहुँचा। जहां हर पड़ाव पर संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप के दर्शन किए और 10 मिनट तक नाम सिमरन व कीर्तन की रसधारा में शामिल होकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि सिख इतिहास की अमर गाथा को स्मरण करता है बल्कि समाज को भाईचारे, त्याग और मानवता का संदेश भी देता है। इस अवसर पर मलकीत सिंह, जसवंत सिंह सैनी, हरपाल सिंह, हरजिंदर सिंह, यशदीप सिंह, सोम सिंह और समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



# नशा मुक्ति थीम पर मैराथन कार्यक्रम

## रजत जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- नशामुक्ति का दिलाया गया संकल्प

रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिले में सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशामुक्ति थीम पर मैराथन कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी चौक हिन्दी भवन के सामने दुर्ग में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 200 छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ महात्मा गांधी की पूजा अर्चना, दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। उसके पश्चात मैराथन दौड़ में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को उपस्थित जनप्रतिधियों एवं अधिकारियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया गया। यह मैराथन दौड़ महात्मा गांधी चौक से नगर पालिक निगम दुर्ग होते हुए पुनः वापिस महात्मा गांधी चौक में समाप्त हुआ। उक्त अवसर पर सम्मिलित छात्र, छात्राओं को नशामुक्ति पर आधारित स्लोगन मय टी-शर्ट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में वेदनारायण चन्द्राकर, पार्षद, लीलाधर पाल, पार्षद एवं मेयर इन कॉउंसिलिंग मेंबर, सुमीत अग्रवाल, आयुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग, उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अधिकारी, एपी गौतम, श्रीमती शुक्ला, जिला शिक्षा विभाग दुर्ग तरुण साहू, साइंस कॉलेज दुर्ग तथा समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में नशीले पदार्थों एवं मादक द्रव्यों के दुष्प्रभाव की जानकारी दी। लोगों में जनजागरुकता प्रचारित-प्रसारित कर स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज निर्माण करने का संदेश दिया गया।



# गबन : शिक्षा विभाग के तीन प्राचार्य सहित 4 निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राज्य शासन ने दुर्ग जिला शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार एक मामले में एक साथ 3 प्राचार्य और एक शिक्षक को निलंबित किया गया है। इन पर 1.84 लाख रुपए गबन करने की जांच चल रही थी। दो साल पहले एक शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

जिसकी शिकायत मार्च 2024 में प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी ने दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से फरीदनगर के प्रभारी प्राचार्य नौशाद खान समेत शिक्षक निजामुद्दीन के विरुद्ध की थी। शिकायत में बताया गया कि फरीदनगर के प्रभारी प्राचार्य नौशाद खान ने दुर्ग के तकियापारा के प्रभारी रहते हुए संकुल केंद्र के अकाउंट को हैंडओवर न करते हुए दो-दो फर्जी अकाउंट संचालित कर लाखों रुपए का गबन किया है। उनके साथ निजामुद्दीन भी इस अकाउंट संचालन में शामिल था। शिकायत के बाद हुई जांच में पाया गया कि नौशाद खान और निजामुद्दीन ने मिलकर करीब 1,84,000 रुपए का गबन किया है। उसी जांच में यह भी सामने आया कि बाद में तकियापारा में पदस्थ हुईं दो महिला प्राचार्य वंदना पांडे व आशा टेकाम ने इस गड़बड़ी की जानकारी होने के बाद भी आपत्ति नहीं प्रकट की, जिससे उन्हें भी भ्रष्टाचार में शामिल माना गया और निलंबित किया गया।




### राज्य ने निलंबित कर दिया है

गबन की जांच के बाद राज्य शासन ने तीन प्राचार्य व एक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। आदेश का परिपालन में संबंधितों के खिलाफ आगे की विभागीय कार्रवाई चलेगी।

- अरविंद मिश्रा
जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

### चार प्राचार्य व शिक्षक एक साथ निलंबित

एक ही शिकायत पर चार लोगों को एक साथ निलंबित किया गया। यह निलंबन कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ शिक्षा विभाग की कठोर कार्रवाई का प्रतीक है और यह संदेश देती है कि विभाग में ईमानदारी और पारदर्शिता स्थापित करने के लिए किसी भी स्तर पर गलत कार्य स्वीकार्य नहीं होगा।पवन केसवानी द्वारा 4 मार्च 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी और 8 मार्च 2024 को कलेक्टर को दी गई शिकायत के डेढ़ साल बाद यह निलंबन हुआ है, जिससे साफ होता है कि इस प्रकार की गंभीर शिकायतों पर सरकार और प्रशासन कार्रवाई करने के लिए गंभीर हैं।

# सुरही नदी एनीकट में बहा युवक, शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग संभाग अंतर्गत बेमेतरा जिले में रविवार को ग्राम देवकर में सुरही नदी पर बने एनीकट में एक बच्चा बह गया। सूचना मिलते ही बेमेतरा पुलिस ने दुर्ग एसडीआरएफ टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीम वहां पहुंची और पानी के अंदर से शव को बरामद किया।

एसडीआरएफ दुर्ग के प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बेमेतरा कंट्रोल रूम से उन्हें सूचना मिली थी कि चौकी देवकर अंतर्गत आने वाले देवकर गांव में सुरही नदी पर बने एनीकट में एक युवक बह गया है। उनकी टीम सूचना मिलते ही रवाना हुई। घटनास्थल पहुंचकर पता किया गया तो पता चला कि 11 साल का लड़का जिसका नाम मयंक देवांगन पिता गणेश देवांगन है वो पानी में बहा है। एसडीआरएफ जवानो ने डीप डाइविंग और जाल डालकर शव की तलाश की। कई घंटे तक तलाश के बाद शव को पानी के अंदर से निकाला गया और बेमेतरा पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है।



# युवाओं ने किया गृहमंत्री का पुतला दहन

**डोंगरगांव।** युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला के खिलाफ एफआई आर दर्ज करने का विरोध करते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि बस्तर ओलंपिक में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला ने मंत्रालय में आयुक्त का घेराव किया था। आयुक्त के निर्देश पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भावेश शुक्ला एवं अन्य को गिरफ्तार किया। युवा नेताओं के विरूद्ध एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। कार्रवाई का विरोध करते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में वीरेंद्र बोरकर, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र साहू, राकेश साहू, प्रियंक जैन, लिलेश पटेल, श्रुति शुक्ला, रितेश राजपुत, शशांक खोबरागड़े, पुष्पेंद्र नेताम, वसीम अहमद, अमित ठाकुर, अब्दुल, संदीप रत्नाकर, आरती कोरे, प्रमोद साहू, महेश्वर खरे, सुभाष पटेल, मोनू पटेल, मनीष पटेल, रुपेश पटेल, सत्तू पटेल, तुषार यादव, मनीष पटेल, पीयूष निषाद, चोंटू पटेल, अज्जू पटेल, टेकश्वर पटेल, धर्मेंद्र पटेल आदि शामिल हुए।

### लोगों को गर्मी एवं उमस से थोड़ी मिली राहत

# धान की फसल के लिए जीवन दायिनी साबित हुई तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सड़क अतरिया

बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के चलते क्षेत्र में शनिवार की दोपहर से रात तक तेज हवा और गर्जना के साथ बारिश हुई। यह बारिश धान फसलों के लिए जीवन दायिनी साबित हुई है।

तेज तापमान से पौधों में लग रही विभिन्न बिमारियों से राहत मिलने की संभावना बढ़ गई है। तेज हवा ने हरूना धान, जिनकी बालियां निकल आई है के लिए परेशानी खड़ा कर दिया है। किसानों ने बताया कि धान के पौधे बड़े होने के कारण तेज आंधी में पौधे गिर गए है जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है। रोसड़क अतरिया, खैरा नवापारा, कुकुरमुड़ा, खैरबना आदि गांव में एक बड़े रकबा का धान आंधी में गिर गया है। जिसकी बेहतर पकने की कम उम्मीद है।



### दलहन तिलहन को नुकसान

वर्तमान में और अधिक बारिश होती है तो दलहन तिलहन फसल प्रभावित होने की आशंका है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन, उड़द, मुंग की फसल पक कर तैयार हो रहा है। कुछ समय बाद इन फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। ऐसे समय पर अधिक बारिश होती है तो बरसाती पानी खेतों में भर जायेगा और फसल खराब हो सकती है।

### रोगों पर अंकुश

वही दूसरी ओर यह बारिश खरीफ फसल के लिए काफी फायदेमंद बताया जा रहा है। किसानों ने बताया बारिश के लम्बे अंतराल के चलते तापमान काफी बढ़ गया था। तथा अल्प व खंड वर्षा चलते खेत सुख गया था। जिससे धान के पौधों में माहू, ब्लास्ट, तना छेदक, फंगी साइट आदि बीमारी पौधों को नुकसान पहुंचा रहा था। बारिश के बाद तापमान में कमी आई है। तथा खेतों में भी पर्याप्त पानी का भराव हो गया है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि पौधों में लग रहें बीमारी से राहत मिलेगी।




### कैबिनेट मंत्री का स्वागत

**खैरागढ़।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा व रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का जिले में प्रथम आगमन पर भाजपाईयो ने भव्य स्वागत किया। मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे श्री साहेब का कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गंडई, छुईखदान और खैरागढ़ में किया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और मालाओं से मंत्री का अभिनंदन किया और उनके नेतृत्व में जिले के विकास की अपार संभावनाओं पर विश्वास जताया। स्वागत से अभिभूत मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे लगातार जिले में आते रहेंगे और यहां के हर विकास कार्य पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वे विधानसभा के छाया विधायक विक्रांत सिंह के साथ मिलकर क्षेत्र की समस्याएं मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों को एकमुश्त अंतर की राशि देने का काम भाजपा सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से गरीब परिवारों का पक्का मकान का सपना साकार हुआ है। साथ ही हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रुपए प्रदान किया जा रहा है।

# लंबित गन्ना फसल का भुगतान नहीं ग्रामीण किसान चिंतित और परेशान

- दशहरा, दीपावली त्यौहार के पहले किसानों की लंबित भुगतान किया जाए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोलेगांव

पंडरिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना में किसानों द्वारा बेचे हुए गन्ना फसल की भुगतान के लिए लगातार मांग कर रहे हैं एवं धरना प्रदर्शन किसानों द्वारा दिया जा रहा है, लेकिन आज पर्यन्त तक गन्ना फसल की लंबित राशि का भुगतान नही किया गया। जिस पर ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा नवरात्रि व दशहरा पर्व त्यौहार में किसानों को पर्याप्त मात्रा में पैसे की आवश्यकता होती है। वहीं जल्द से भुगतान की मांग की गई।



मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्रामीण किसान अधिक दामों में यूरिया खाद खरीदने मजूबर तथा इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वहीं गन्ना किसानों की लंबित राशि का भुगतान नही होने से पैसा उधार तथा अधिक दामों में ब्याज पर खाद खरीद रहे है। साथ ही साथ वर्तमान में त्यौहारों का सीजन लगातार गणेशोत्सव, पितृपक्ष, नवरात्रि व दशहरा पर्व में किसानों को पर्याप्त मात्रा पैसे की आवश्यकता होती है, जिस पर क्षेत्रवासी ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द गन्ना फसल की लंबित राशि का भुगतान किया जाने की अपील की गई। जिससे नवरात्रि, दशहरा व दीपावली पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सकें। ग्रामीणों ने बताया कि बड़ी मेहनत व खून-पसीना एक कर एक-एक पैसे के लिए मेहनत करते रहते हैं एवं फसल उगाते हैं वहीं आज अपने मेहनत से कमाए हुए गन्ना फसल के पैसा के लिए किसान मोहताज है वहीं ग्रामीण किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।

### ग्राम रूसे में 23 को जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रुसे में आज जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल होगी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में द्वितीय दिवस 23 सितंबर को मण्डल कुण्डा स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सौजन्य से रूसे में सुप्रसिद्ध लोक गायक पं विकेक शर्मा द्वारा जगराता की प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को लेकर तैयारियों जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं आसपास क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

## मां महामाया, शीतला मंदिर कोलेगांव में आस्था की ज्योति-ज्वांरा कलश प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी, घोरपेंड्री, धनेली, भगतपुर, पीपरमाटी, मोहतरा कला, कंझेटा, अ म ली मा ल गी, कुआमालगी, कुण्डा, दामापुर क्षेत्र में मां महामाया व शीतला मंदिर में आस्था के ज्योत ज्वांरा कलश प्रज्जवलित किया गया। बताया जाता है कि ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां महामाया मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित कर गांव में सुख, शांति व समृद्धि के लिए ज्योति कलश प्रज्ज्वलित एवं मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान किया गया। जिस पर ग्रामीण भक्तजनों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के लिए एक हफ्ता पहले से मंडप तैयार किया जा रहा था, जिसमें ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। नवरात्रि हिंदुओं के प्रमुख त्यौहारों में से एक है, नवरात्रि को पूरे देश प्रदेश में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मां दुर्गा की उपासना कर नौ दिनों तक श्रद्धालुओं व भक्तों द्वारा मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगें। जिसमें ग्राम आचार्य प्रशांत शर्मा, पवन शर्मा, दिनेश पाण्डेय, विनय शर्मा, उपसरपंच सुरेश धुर्वे, सरपंच मणि निषाद, शिवसिंह चौहान, सेवक दिलीप, चौहान, शत्रुहन गोस्वामी, पुजारी महासिंह, चौहान रामावतार साहू, भगवानी साहू, शत्रुहन साहू, सुखनंदन साहू, आकाश यादव एवं समस्त ग्रामवासी कोलेगांव के सहयोग से किया जा रहा है।



# जिला पंचायत सीईओ के आदेश की अवहेलना, ग्रामीणों ने की शिकायत

## सचिव ने तीन महीने बाद भी नहीं सौंपा प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

वनांचल क्षेत्र के ग्राम शिवनी कला में पदस्थ सचिव जगेश्वर पटेल द्वारा जिला पंचायत सीईओ के आदेश की अवहेलना का मामला सामने आया है। सीईओ अजय त्रिपाठी द्वारा 13 जून 2025 को सचिव जगेश्वर पटेल का स्थानांतरण कर उन्हें ग्राम राजाढार का प्रभार सौंपा गया था, जबकि शिवनी कला का कार्यभार सचिव गौकरण चन्द्रवंशी को सौंपने का निर्देश जारी किया गया था। लेकिन आदेश जारी हुए तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी सचिव जगेश्वर पटेल ने न तो अपने स्थानांतरण आदेश का पालन किया है और न ही नवीन सचिव को प्रभार सौंपा है। इससे गांव के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी कार्यो के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया गया कि वर्तमान में सचिव जगेश्वर पटेल का पूर्ण प्रभार राजाढार में है, इसके बावजूद वे शिवनी कला में बने हुए हैं। ग्रामीणों की मांग है कि तत्काल प्रभाव से सचिव गौकरण चन्द्रवंशी को प्रभार सौंपा जाए, जिससे गांव में लंबित कार्यो का त्वरित निराकरण हो सके। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मरावी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह पूर्ण रूप से गलत है कि आदेश के 3 महीने बाद भी नए सचिव को प्रभार नहीं सौंपा गया है। वहीं जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के भीतर नवीन सचिव को प्रभार सौंपने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।



### शाला भगतपुर में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर के छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा जन समुदाय द्वारा मां दुर्गा मंच, हनुमान मंदिर, बाजार चौक पर साफ सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान के तहत जल संरक्षण एवं कचरा प्रबंधन आदि का प्रचार-प्रसार किया गया। इस अभियान में राकेश चंद्रवंशी, गोलु, प्रधान पाठक श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, शिक्षिका श्रीमती शकुंतला यदु एवं राजकुमारी तांती सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## जनपद सदस्य अश्वनी यदु की सेवाभावना बनी मिसाल एम्बुलेंस सेवा को जनता ने सराहा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोलेगांव

पंडरिया जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 16 में सेवा का ऐसा उदाहरण देखने को मिला जिसने सभी को भावुक कर दिया। यहां के जनपद सदस्य अश्वनी यदु पिछले पांच वर्षो से लगातार एम्बुलेंस व शव वाहन सेवा के माध्यम से लोगों की निःस्वार्थ मदद कर रहे हैं।



स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि कई बार ऐसी परिस्थितियां आई जब लोग शव वाहन चलाने से भी कतराते हैं, लेकिन अश्वनी यदु ने खुद स्टेयरिंग थामकर शोकाकुल परिवारों तक शव को पहुंचाने का कार्य किया। कोदवा निवासी एक युवक ने बताया कि हाल ही में उनके घर की बुजुर्ग दादी का निधन सुबह 5 बजे हुआ था। सूचना मिलते ही अश्वनी यदु स्वयं शव वाहन लेकर पहुंचे और पूरे सम्मान के साथ शव को घर तक पहुंचाया। इतना ही नहीं, कई अवसरों पर उन्होंने पेड़ पर फांसी लगे शवों को उतारने से लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाने तक का कठिन कार्य भी स्वयं किया है।

क्षेत्रीय युवाओं का कहना है कि यह सेवा सिर्फ जनपद क्षेत्र तक सीमित नहीं रही, बल्कि आसपास के गांवों के लोग भी समय-समय पर इसका लाभ ले रहे हैं। मौहामड़वा निवासी एक युवक ने कहा कि हमारा गांव उनके जनपद क्षेत्र में नहीं आता, फिर भी जब भी जरूरत पड़ी, श्री यदु तुरंत एम्बुलेंस लेकर पहुंचते है। जनता का कहना है कि राजनीति करने वालों को ऐसे ही सेवा कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए। अश्वनी यदु की कार्यशैली और तत्परता के कारण लोग उन्हें अपने परिवार का सदस्य मानते हैं और उनके प्रति आत्मीयता और स्नेह रखते हैं।

### सम्मान, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता की नई पहचान बनी आवास हितग्राही दुवास बाई

**हरिभूमि कवर्धा।** मूलभूत आवश्यकताओं रोटी एवं कपड़ा के बाद आवास सबसे महत्वपूर्ण है। सभी व्यक्तियों के जीवन का सपना होता है कि उसका अपना खुद का घर हो। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। साथ ही साथ शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं अन्य योजनांओं के अभिशरण से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। ऐसा ही एक परिवर्तन जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत पलानसरी में भी देखने को मिली। जहां पर 57 वर्ष की दुवास बाई अपने पति की मृत्यु के उपरांत अपने पुत्र एवं पुत्रवधू के साथ निवास करती है। दुवास बाई ने कभी पक्का और सुरक्षित आवास की परिकल्पना भी नहीं की थी। लेकिन अब उनके जीवन मे ये संभव हुआ है। दुवास बाई के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के द्वारा आकर मिला। शासन की इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये श्रीमती दुवास बाई का नाम आवास प्लस 2018 की पात्रता सूची में शामिल था। आर्थिक स्थिति को देखकर वर्ष 2024-25 में आयोजित ग्राम सभा में इनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित कर लाभांवित करने का फैसला हुआ। अविलंब इनके लिए आवास की स्वीकृति कर दी गई। जनपद पंचायत इनके खाते में ऑनलाइन राशि किया गया। आर्थिक सहायता मिलता गया और घर बनता गया। आवास निर्माण की प्रगति के आधार पर राशि का हस्तानांतरण सीधे श्रीमती दुवास बाई के खाते में होता रहा । जिससे इनको आर्थिक रूप से सहायता प्राप्त हुई साथ ही साथ रोजगार गारंटी योजना में 90 दिवस का मजदूरी भुगतान भी प्राप्त हुआ। पक्के मकान के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत 12,000 की लागत से शौचालय भी बन गया। लेकिन दुवास बाई के जीवन में अभी और भी सुखद समय आना बाकी था क्योंकि अन्य योजनाओं के अभिशरण से बहुत सी मूलभूत जरूरतों को पूरा होना था। जैसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना से घर में बिजली का कनेक्शन निःशुल्क मिल गया और घर के हर कमरे रौशन है। स्वच्छ इंधन के रूप में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत सिलेंडर एवं गैस चूल्हा भी मिला है। गैस चूल्हा मिल जाने से अब चूल्हें के हानिकारक धुंए से मुक्ति मिल गई और समय बे समय खाना पकाने का साधन घर में उपलब्ध है। दुवास बाई को 1000 रूपये महतारी वंदन के रूप में आर्थिक लाभ मिल रहा है। अभी तक कुल 16,000 रुपए महतारी वंदन की राशि इनके खाते में मिल गया है। दुवास बाई जैसे जरूरतमंद महिला को खाद्य विभाग से राशन कार्ड मिलना भी किसी बड़े सहारा से कम नही। राशन कार्ड से इन्हें चावल, गेंहु ,शक्कर,मटर,नमक जैसे रोजमर्रा की जरूरतो की खाद्य सामाग्री बहुत ही कम दर पर मिलने लगी है।

## नवरात्रि पर बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए अभियान, बच्चों को दिलाई जाएगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों में बढ़ती भीड़ के बीच कई बच्चे भिक्षावृत्ति में लिप्त पाए जाते हैं इसे रोकने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आम जनता से अपील की गई है कि वह किसी भी बच्चे को भीख मांगते दिखे तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंचल यादव के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्प लाइन और विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम द्वारा नवरात्रि के पावन में शहर के मंदिर, देवालय दुर्गा पंडालों व परिसरों का भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान टीम ने भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की पहचान कर उसके पुनर्वास के लिए योजना बनाई जा रही है। माता-पिता और अभिभावकों को समझाइश दिया गया कि वह बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करें और भिक्षा मांगने के लिए मजबूर ना करें, श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया गया कि वह बच्चों को भिक्षा देने की बजाय उसकी पढ़ाई और पुनर्वास में सहयोग करें। संयुक्त टीम द्वारा स्थानीय पुलिस और समाज, सभी संगठनों के साथ मिलकर मंदिर परिसरों के अलावा बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी भ्रमण किया जा रहा है। आम जनता से अपील की गई कि अगर वह किसी बच्चे को भिक्षावृत्ति करते देखे तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें। किशोर न्याय (बालको की देखरेख संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 76 के अनुसार, जो कोई व्यक्ति किसी बच्चे का वास्तविक प्रभार अथवा नियंत्रण रखता है और उसे भीख मंगवाने के लिए नियोजित करता है, वह पांच वर्ष तक के कारावास और एक लाख रूपए तक के जुर्माने से दंडनीय है।

## पेज 11 के शेष

### चौक चौराहों पर मां दुर्गा ...

संस्था के द्वारा भी ज्योति कलश स्थापित किया गया है। ब्रह्म मुहूर्त में राम कुमार शास्त्री के सानिध्य में ज्योति कलश स्थापित किया गया है। यहां प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ का होगा जिसमें 5 पंडितों के द्वारा किया जाएगा इसके अलावा मां कालिका मंदिर के बारे में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि में इस साल 47मनोकामना तेल कलश स्थापना ब्राह्म मुहूर्त में आचार्य शुभम शर्मा के सानिध्य में किया गया प्रकाश साहू ने बताया कि मां बमलेश्वरी मंदिर में 6 मनोकामना तेल ज्योत की स्थापना ब्रह्म मुहूर्त पर कमल नारायण तिवारी ने किया गया तथा माता गायत्री मंदिर में भी मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना विभिन्न महोत्सव में आचार्य के सानिध्य पर किया गया है।

### मां महामाया मंदिर में ...

पेड़ के नीचे रखा गया था। बाद में मूर्ति को वापस स्थापित करने में काफी कठिनाई हुई, क्योंकि मूर्ति टस से मस नहीं हुई। पूजा-अर्चना और क्षमा याचना के बाद ही मूर्ति हल्की हुई और उसे वापस गर्भगृह में स्थापित किया जा सका।

**मंदिर का भव्य स्वरूप और पर्यटन स्थल का दर्जाः** सन 1973-74 में यहां शारदा मंदिर की स्थापना हुई, जो आज भी श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। हाल ही में, माँ महामाया और शारदा मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल घोषित किया गया है। करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से हुए जीर्णोद्धार के बाद मंदिर में विशाल डोम, बाउंड्रीवाल, आकर्षक गार्डन और तालाब का सौंदर्यीकरण इसे और भी भव्य बनाता है।

**नवरात्रि महोत्सव और महिषासुर वध की परंपराः** शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर, मानाबन तालाब किनारे हजारों महिलाएं एक साथ दीपक जलाकर सामूहिक गंगा आरती करती हैं। यह दृश्य पूरे प्रदेश में काफी चर्चित है। हर साल दशहरे के दिन, मानाबन तालाब किनारे महिषासुर वध का आयोजन होता है। इस दौरान काली मां और महिषासुर की झांकी निकाली जाती है और दोनों के बीच प्रतीकात्मक युद्ध होता है। इसे देखने के लिए 10 हजार से ज्यादा लोग इकट्ठा होते हैं।

### राजनीतिक दलों की ...

सभी मशीनें सुरक्षित स्थिति में हैं और नियमित रखरखाव किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार होने वाला यह निरीक्षण चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता को और मजबूत करता है। इससे मतदाताओं और राजनीतिक दलों दोनों का विश्वास चुनाव प्रणाली में बना रहता है ।

### जिला स्तरीय छग राज्य ...

प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल और सामूहिक समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर हो सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं पिछड़े वर्ग के लोगों तक शासन की हर योजना और सुविधा समय पर पहुँचे और उनके जीवन स्तर में ठोस सुधार हो। गौरतलब है कि इस बैठक से पूर्व एक सप्ताह पहले भी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। आज पुनः समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कई कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति देखकर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर सभी अपूर्ण कार्य पूरे करने का अल्टीमेटम दिया। समयसीमा का पालन न करने वालों पर नोटिस जारी होगा।

### वर्चुअली मुख्यमंत्री ...

साहू भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह आयोजन महतारी सदन लेंजवारा में दोपहर 11 बजे से होगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। जिले के जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए शामिल होंगे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा नेता बाबूलाल मिले केंद्रीय मंत्री से

**नवागढ़।** भाजपा नेता बाबूलाल रजक ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मुलाकात की। बाबूलाल रजक ने क्षेत्र की आवश्यकताओं से अवगत कराया और तोखन साहू ने विकास को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।

### महिलाओं को हर साल 70 हज़ार की होगी बचत: प्रज्ञा

**बेमेतरा।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए कहा है कि इन सुधारों से विशेषकर महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।



जीएसटी में किए गए हालिया सुधारों का सबसे बड़ा असर महिलाओं के घर-गृहस्थी के खर्च पर दिखाई देगा। परिवार की रोज़मर्रा की ज़रूरतों में लगने वाले सामान, घरेलू उपभोग की वस्तुएँ और कई आवश्यक सेवाएँ सस्ती हुई हैं। इसका सीधा फायदा महिलाओं को होगा क्योंकि वे ही घर के बजट और बचत की असली संचालिका होती हैं। इन सुधारों से प्रत्येक परिवार को सालाना लगभग 60 से 70 हज़ार रुपये की बचत होगी। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने देश की जनता, विशेषकर मातृशक्ति के बोझ को कम करने का जो प्रयास किया है, वह ऐतिहासिक है। यह केवल टैक्स सुधार नहीं है बल्कि "जन-जन के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने वाली नीति है "महिला यदि घर की अर्थव्यवस्था को संभालती है, तो राष्ट्र की अर्थव्यवस्था भी स्वतः मजबूत होती है। मोदी जी ने यह समझा और महिलाओं की सोच को ध्यान में रखकर जीएसटी सुधार लागू किए।

### शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**घुमका।** विकास समिति के अध्यक्ष गंगेश्वर वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी उत्कृष्ट स्कूल में प्राचार्य, अंग्रेजी, संस्कृत व्याख्याता और भृत्य के रिक्त पदों की पूर्ति करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अंग्रेजी व्याख्याता दीपिका कश्यप को घुमका में वापस लाने की मांग भी की। इस दौरान सीएल आडिल, पितांबर निषाद, सौरभसिंह, पूनम यादव मौजूद थे।

### किसान सम्मेलन और मेला 28 को

**डोंगरगांव।** आगामी 28 सितंबर को कृषि उपज मंडी परिसर में किसान सम्मेलन और मेला का आयोजन रखा गया है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना है। इस मौके पर खेती में अमूल्य योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। किसानों के मनोरंजन के लिए लोक रंजनी का कार्यक्रम भी रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी करेंगे।

# नवोदय विद्यालय बहेरा में चला स्वच्छता पखवाड़ा व अभियान, हुई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम एवं ग्रामीण स्वच्छता सहभागिता अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्राम कुशमी के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता का सामूहिक संदेश दिया।

अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। इसके बाद ग्राम कुशमी के चौक-चौराहों पर ग्रामीणों के साथ विशेष सफाई अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने झाड़ू लगाकर कचरा हटाया और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ जीवन संभव है।

स्वच्छता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर, गली और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की आदत डाले, तो पूरा समाज और राष्ट्र स्वच्छ बनेगा।

## विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने मिलकर दिया स्वच्छता का संदेश

### जीवनशैली का बनाएंगे हिस्सा

अभियान में विद्यालय के शिक्षक सहित ग्राम कुशमी के पंच, सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि स्वच्छता केवल कार्यक्रम तक सीमित न रहकर, रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बने। इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान या विद्यालयी गतिविधि नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति की जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। जब समाज मिलकर काम करेगा, तभी स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा।



### विद्यार्थियों ने ली शपथ, दूसरों को भी करेंगे प्रेरित

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने यह शपथ ली कि वे प्रतिदिन अपने विद्यालय, घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। उनका कहना था कि स्वच्छता की आदत जीवन का स्थायी हिस्सा बननी चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य श्री किशोर कुमार दहिकर ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए कहा कि बच्चों में छोटी उम्र से ही स्वच्छता की आदत डालना आवश्यक है। उन्होंने कहा जब बच्चे बचपन से ही स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बना लेते हैं, तब वे भविष्य में जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनते हैं।

## आक्रोश : पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा, पति ने की थी पत्नी की हत्या

# आरोपी की मां ने कहा- शराब ने सब कुछ बर्बाद कर दिया, बहू की जान ले ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

रविवार दोपहर ग्राम नांदल में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब शराब के नशे में धुत ठेकेदार राजू साहू (40) ने अपनी पत्नी धनेश्वरी साहू (35) की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी। यह खौफनाक वारदात आरोपी की मां और उसकी 14 वर्षीय बेटी के सामने हुई। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, धनेश्वरी जब खेत से घर लौटी, तो उसका पति राजू साहू शराब के नशे में था। दोनों के बीच शराब को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो कुछ ही देर में हिंसक हो गया। गुस्से में आकर राजू ने घर में रखी एक धारदार लोहे की छुरी उठाई और धनेश्वरी के गले पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर राजू की मां और बेटी ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वे कामयाब नहीं हो पाए।




हत्या करने के बाद आरोपी पहुंचा थाने, किया आत्मसमर्पण
शराबी पति ने मां और बेटी के सामने पत्नी का गला रेत दिया

### परिवार और गांव में शोक

आरोपी की मां फूलबाई साहू (58) ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने बेटे को इतना हिंसक कभी नहीं देखा था। उन्होंने कहा कि शराब ने सब कुछ बर्बाद कर दिया और बहू की जान ले ली। उन्होंने न्याय की मांग करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। राजू साहू के दो बेटियां और एक बेटा है। वारदात के समय घर पर केवल उसकी मां और छोटी बेटी ही मौजूद थीं। इस घटना के बाद परिवार गहरे सदमे में है। ग्रामीणों ने भी इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताई है और प्रशासन से अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस पर रोक नहीं लगी तो वे आंदोलन करेंगे।

### पुलिस की कार्रवाई और ग्रामीणों का आक्रोश

घटना के तुरंत बाद, आरोपी राजू साहू ने खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को उठाने से मना कर दिया और पुलिस को उन्हें शांत करने में तीन घंटे लग गए। आखिरकार, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी अलील चंद ने बताया कि आरोपी ने शराब की लत और घरेलू विवाद के कारण इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस गांव में अवैध शराब बिक्री पर भी कड़ी निगरानी रख रही है और अपराध को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## लेंजवारा समिति में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन पर हुआ जागरुकता प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित लेंजवारा पंजीयन क्रमांक 387 में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन अंतर्गत समिति के निदेशक मंडल और किसान सदस्यों के बीच कम्प्यूटरीकरण के लाभों के प्रति जागरूकता हेतु प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें सॉफ्टवेयर की विशेषताओं की जानकारी दिया गया और उन्हें यह भी बताया गया कि यह प्रणाली भविष्य में समितियों के लिए किस प्रकार लाभकारी सिद्ध होगी। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत पैक्स कम्प्यूटराईजेशन में किसी भी प्रकार की शंकाओं को दूर करना, परियोजना के प्रतिस्वीकृति और सद्भाव का वातारण बनाना तथा समिति की संभावित व्यावसायिक योजनाओ या गतिविधियों की जानकारी देना है। इससे सदस्यों को लाभ और अर्थव्यवस्था का विकास हो।

■ निदेशक मंडल और किसानों को दी गई डिजिटल प्रणाली की जानकारी

### ये हुए सम्मिलित

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दिनदयाल साहू, समिति प्रबंधक तिलक राम साहू, शाखा प्रबंधक कमल नारायण शर्मा, समिति के कर्मचारी गण सहित किसान बिश्राम साहू, लोकेश साहू, प्रदीप साहू, कुंती साहू, हेमन्त साहू, भारत साहू, रामेश्वर साहू, चेतन, हीराराम, हेमलाल, चिंतामणि, सुषमा, रूखमणी, भूपेंद्र, धर्मेंद्र, खेमलाल, लोचन राम, अरुण, अनिल, खोरबाहरीन, रामकुमार खुमेश, संतराम आदि किसान बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन में सम्मिलित हुए।

## महाविद्यालय में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेशभर में छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती (25 वर्ष पूर्ण) बड़े उत्साह और गौरव के साथ मनाई जा रही है। इसी कड़ी में आज जिले के बेरला ब्लॉक मे स्थित नवीन शासकीय महाविद्यालय भींभौरी में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक गतिविधियों, भाषण, निबंध, कविता और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से राज्य के गौरवपूर्ण इतिहास और उज्ज्वल भविष्य को अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। मंच पर नगर पंचायत भींभौरी के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि संदीप परगनिहा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर ठाकर, सहायक प्राध्यापक जी.एस. भारद्वाज, अन्य प्राध्यापकगण तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। वातावरण में छत्तीसगढ़ी परंपराओं की झलक दिखाई दी और पूरा समारोह राज्य के गौरवशाली सफर को समर्पित रहा। छात्रों ने "मेरे सपनों का छत्तीसगढ़" विषय पर निबंध, कविता और वाद-विवाद प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों में युवाओं ने राज्य के विकास, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक समरसता के सपनों को शब्दों और विचारों में पिरोया। भाषण प्रतियोगिता में चिंतामणि निषाद (बी.ए. अंतिम वर्ष) प्रथम स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार धनेश्वरी साहू (बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर) को मिला। लोकेश्वरी (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर) ने पहला स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में हेमलता निषाद (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) प्रथम रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में धनेश्वरी साहू एवं चेतना पाटिल (बी.एससी. तृतीय एवं प्रथम सेमेस्टर) की जोड़ी ने बाज़ी मारी। क्विज प्रतियोगिता का प्रथम स्थान बी.ए. संकाय के छात्रों को मिला। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. समीर ठाकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ ने पिछले 25 वर्षों में शिक्षा, संस्कृति और विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे राज्य के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर समाज सेवा का संकल्प लें और ज्ञान व कौशल से प्रदेश का नाम रोशन करें। मुख्य अतिथि संदीप परगनिहा ने अपने संदेश में कहा कि युवा पीढ़ी ही छत्तीसगढ़ की असली ताकत है। सहायक प्राध्यापक जी.एस. भारद्वाज ने कहा कि छत्तीसगढ़ का अस्तित्व प्राचीन है और इसकी संस्कृति, परंपरा एवं लोककला देश की धरोहर है। उन्होंने कहा कि "राज्य तभी वास्तविक रूप से 'बढ़िया' बनेगा जब यहाँ की युवा पीढ़ी शिक्षा, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए अपनी संस्कृति से जुड़ी रहेगी।" कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार पाकर छात्रों के चेहरों पर उल्लास झलक रहा था।

■ विजेता छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया

## साल्हेपुर स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ 17 सितंबर 2025 से किया गया है, जो आगामी 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। यह अभियान भारत सरकार की 15 दिवसीय विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य बच्चों, शिक्षकों और समुदाय को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम के तहत विद्यालय में प्रभात फेरी, स्वच्छता शपथ, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, दीवार लेखन, स्वच्छ विद्यालय प्रतियोगिता, पौधारोपण एवं परिसर की साफ-सफाई जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व की जानकारी दी जा रही है। प्रधान पाठक अंबालिका पटेल ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा विद्यालय के साथ-साथ पूरे ग्राम समुदाय को जोड़ने का उत्कृष्ट अवसर है। स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान अध्ययनरत बच्चों, एसएमसी सदस्यों तथा ग्रामीणों को भी स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। एवं स्कूल प्रांगण स्वच्छ रखने के लिए साफ सफाई भी किया। यह अभियान 2 अक्टूबर, महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा।

### गांव व समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बेरला।** ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले सेवा सहकारी समिति लेंजवारा पंजीयन क्रमांक 387 द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान के तहत शनिदेव मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर, श्री शंकर मंदिर के प्रांगण में साफ- सफाई की गई। सेवा सहकारी समिति मर्यादित लेंजवारा में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें सोसाइटी अध्यक्ष दीनदयाल साहू, सहायक प्रबंधक तिलक राम साहू, भरत साहू, कनक पाटिल, दिलीप साहू, प्रवीण गायकवाड, रविशंकर साहू, कृष्णा साहू, देवेंद्र साहू, रासन दुकान संचालक लेंजवारा एवं भाजपा कार्यकर्ता सियाराम साहू, ग्राम पंच, रोमनाथ साहू, संतोष साहू, लाभचंद साहू, संतोष साहू द्वारा स्वच्छता कार्य किया गया।

## लालपुर स्कूल में हुआ स्वच्छता जागरुकता पखवाड़ा



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ में स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत हाथ धुलाई कार्यक्रम रखा गया था। जिनमें सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक ने भाग लिए। शिक्षक शांत कुमार पटेल ने सभी छात्रों को समय पर हाथ धोने, हाथों की साफ - सफाई के चरणों को अभ्यास करवाते हुए बताया कि हाथ साफ रखने, कीटाणुओं के फैलाव को रोकने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक हाथ धुलाई है। हाथ धोने से आप स्वस्थ रह सकते हैं,और दस्त संक्रमण को फैलने से भी रोक सकते हैं। जब हम नियमित हाथों की साफ सफाई करते रहेंगे तो सभी बीमारियों से बच सकते हैं। साथ ही साथ दांत साफ रखने, नाखून को काटने, स्नान, साफ कपड़ा पहने, खुले में न थूकने, व्यक्तिगत स्वच्छता को भी बताया गया। स्वच्छता पखवाड़ा हाथ धुलाई कार्यक्रम के अवसर पर संकुल समन्वयक मुरता सतीश कुमार कुर्रे, प्रधान पाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे शिक्षक घनश्याम साहू, मोतीराम पात्रे, शांत कुमार पटेल व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।




ग्रामीणों ने लिया नशा मुक्त समाज का संकल्प

# नशामुक्ति जागरुकता रैली में ग्रामीणों और महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



ग्राम बदनारा में सर्व समाज और गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली ने पूरे गांव में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच भूखनी बाई जांगड़े और उप सरपंच द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। रैली गायत्री मंदिर से शुरू होकर महामाया मंदिर तक बढ़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने हिस्सा लिया। रैली कबीर कुटी, बिचपारा और बाजार चौक से होते हुए सतनामी पारा और पनीका पारा तक पहुंची, जहां ग्रामीणों, दुकानदारों और राहगीरों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

**प्रमुख व्यक्तियों के विचार:** ग्राम सरपंच भूखनी बाई जांगड़े ने कहा कि गांव को नशा मुक्त आदर्श ग्राम बनाने के लिए सभी ग्रामीणों का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने हर व्यक्ति से अपने परिवार और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। शिक्षक संतोष साहू ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित होने चाहिए, ताकि युवा और बच्चे नशे से दूर रह सकें। ग्राम पटेल चौवन साहू ने ग्रामीणों से ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

### ग्रामीणों का संकल्प

रैली के दौरान सर्व समाज के प्रमुखों का सम्मान भी किया गया। उपसरपंच रामविलास साहू, द्रुपद साहू, विनोद साहू, रोहित साहू और अन्य ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस रैली ने साबित कर दिया कि सामूहिक प्रयासों, नेतृत्व और जागरूकता के माध्यम से किसी भी गांव को नशा मुक्त और एक आदर्श समाज के रूप में विकसित किया जा सकता है। ग्रामीणों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की प्रतिबद्धता जताई।



